पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः अग्रहायण 07, 1944
सोमवारः 28 नवंबर 2022

रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री के साथ चौथी भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता आयोजित की

'मेक इन इंडिया' पर ध्यान केंद्रित करने के साथ रक्षा औद्योगिक सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की

समुद्री सहयोग को मजबूत करने और द्विपक्षीय अभ्यासों के दायरे एवं सहभागिता को बढ़ाने के साधनों पर भी विचार-विमर्श किया

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में फ्रांस गणराज्य के सशस्त्र बल मंत्री श्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ चौथी भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता की। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। वार्ता में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, रक्षा और रक्षा औद्योगिक सहयोग के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई।

मंत्रियों ने वर्तमान में चल रहे सैन्य सहयोग की समीक्षा की, जिसमें हाल के वर्षों में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने समुद्री सहयोग को मजबूत करने और द्विपक्षीय अभ्यासों के दायरे और सहभागिता को बढ़ाने के साधनों पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि भारत और फ्रांस ने हाल ही में जोधपुर के वायुसेना स्टेशन में द्विपक्षीय एयर अक्सरसाइज 'गरुड़' का सफल संचालन किया।

वार्ता के दौरान रक्षा औद्योगिक सहयोग 'मेक इन इंडिया' पर ध्यान केंद्रित करने के साथ चर्चा के प्रमुख क्षेत्रों में से एक था। भविष्य के सहयोग और संभावित सह-उत्पादन के अवसरों पर चर्चा की गई। मंत्रियों ने सहमति व्यक्त की कि दोनों देशों के तकनीकी समूहों को अगले वर्ष की शुरुआत में मिलना चाहिए और प्रमुख सहयोग के विषयों पर विचार करना चाहिए।

मंत्रियों ने कई रणनीतिक और रक्षा मुद्दों पर उनके अभिसरण को मान्यता दी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मंचों में सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता साझा की। फ्रांस इंडियन ऑशन कमीशन (आईओसी) और इंडियन स्कैन नेवल सिंपोजियम (आईओएनएस) का वर्तमान अध्यक्ष है और दोनों देश इन मंचों में निकटता से सहयोग करते हैं।

भारत की अपनी यात्रा के अंतर्गत श्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने कल दक्षिणी नौसेना कमान के मुख्यालय की एक दिन की यात्रा की और भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का दौरा किया। फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री ने कहा कि वह आईएनएस विक्रांत से बहुत प्रभावित हैं। फ्रांस

भारत के सबसे विश्वसनीय रणनीतिक साझेदारों में से एक है और दोनों देश वर्ष 2023 में अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्षों का जश्न मनाने के लिए आशावान हैं।

एसआर/डीएस